भारत के लिए चिंता का सबब बनी गेंदबाजी



ऑकलैंड । न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की वनडे श्रृंखला में भारतीय टीम प्रबंधन के सामने गेंदबाजी संयोजन तय करना बड़ी चुनौती होगी क्योंकि गुरनूर बराड़ अंशुल कंबोज आकिब नबी और यश ठाकुर के पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव बेहद कम है। इन चारों ने मिलकर अब तक केवल 11 वनडे मुकाबले खेले हैं। ऐसे में अनुभवी और संतुलित न्यूजीलैंड टीम के खिलाफभारतीय गेंदबाजों की परीक्षा होना तय है। बीसीसीआई की ओर से श्रृंखला में दो अतिरिक्त वनडे मुकाबले शामिल किए जाने के फैसले को लेकर अलग-अलग नजरिये हो सकते हैं। इसे कोई न्यूजीलैंड क्रिकेट एनजेडसी के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली के इस देश के आखिरी दौरे का व्यावसायिक लाभ उठाने का अवसर मान सकता है तो कोई इसे खराब कार्यक्रम प्रबंधन का नतीजा मान रहा है। इस बदलाव के कारण भारत को कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के साथ मैदान पर उतरना पड़ सकता है। गौर करने वाली बात यह है कि वनडे टीम में शामिल सभी गेंदबाज न्यूजीलैंड की धरती पर अपनी पहली वनडे सीरीज खेलेंगे। मोहम्मद सिराज 51 वनडे में 77 विकेट के साथ भारतीय आक्रमण के सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। इस बात की संभावना है कि वह शुरुआती तीन मुकाबलों के बाद टेस्ट क्रिकेट की तैयारियों के लिए टीम से अलग हो जाएंगे टीम के एकमात्र तेज गेंदबाज हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी भी पहले वनडे के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तैयारियों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। ऐसे में आखिरी दो वनडे में 18 वनडे का अनुभव रखने वाले अर्शदीप सिंह पर गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई की जिम्मेदारी होगी। उनके अलावा गुरनूर बराड़ नौ वनडे अंशुल कंबोज एक वनडे और आकिब नबी एक वनडे टीम का हिस्सा हैं। अंतिम दो वनडे के लिए टीम में शामिल यश ठाकुर ने अभी वनडे पदार्पण नहीं किया है। श्रृंखला के शुरुआती तीन वनडे में सिराज और अर्शदीप का अंतिम एकादश में खेलना लगभग तय माना जा रहा है । लेकिन तीसरे तेज गेंदबाज के लिए गुरनूर कंबोज और आकिब के बीच मुकाबला होगा। गुरनूर ने अब तक नौ वनडे खेले हैं। लेकिन उनकी इकॉनमी रेट 7.71 रन प्रति ओवर रही है। छह फुट पांच इंच लंबे गुरनूर के पास अतिरिक्त गति और उछाल हासिल करने की क्षमता है। कंबोज और आकिब की औसत गेंदबाजी गति करीब 135 किलोमीटर प्रति घंटा है लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीमित अनुभव के कारण उन्हें अलग-अलग मैच परिस्थितियों को समझने और दबाव के क्षणों में रणनीति को सही तरीके से लागू करने में परेशानी हो सकती है। भारतीय वनडे टीम में मौजूदा गेंदबाजों में सबसे सफल स्पिनर कुलदीप यादव की भूमिका भी अहम हो सकती है। 124 मैचों में 201 विकेट ले चुके कुलदीप उपमहाद्वीप के बाहर की परिस्थितियों में टीम संयोजन के हिसाब से चयन के विकल्प बन जाते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर की रणनीति में आठवें नंबर तक बल्लेबाजी की गहराई रखने पर जोर दिया जाता है। ऐसे में कुलदीप को अंतिम एकादश में जगह देना टीम प्रबंधन के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

किमी एंटोनेली ने रचा इतिहास

मैक्सिको सिटी। इटली के किमी एंटोनेली मैक्सिको ग्रां प्री में भले ही तीसरे नंबर पर रहे लेकिन उन्होंने केवल 20 साल की उम्र में फॉर्मूला वन चैंपियनशिप जीतकर नया इतिहास रच दिया। मर्सिडीज़ का यह ड्राइवर मैक्सिको ग्रां प्री के विजेता मैक्स वर्स्टापेन और लुई हैमिल्टन के बाद तीसरे नंबर पर रहा लेकिन चैंपियनशिप अपने नाम पर करने के लिए यह पर्याप्त था। रेस समाप्त करने के बाद वह खुशी से झूम उठे।



चैपमैन और रविंद्र वनडे श्रृंखला से बाहर



ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के सीनियर बल्लेबाज मार्क चैपमैन और रचिन रविंद्र अभी तक चोटों से नहीं उबर पाए हैं और इस कारण बुधवार से भारत के खिलाफ होने वाली पांच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे चैपमैन अपनी हैमस्ट्रिंग (जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं, जबकि रविंद्र अभी भी अपने कंधे की चोट से उबर नहीं पाए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने बयान में कहा, हाल में किए गए एमआरआई से पता चला है कि चैपमैन को बायीं हैमस्ट्रिंग की चोट से पूरी तरह उबरने में अभी दो सप्ताह का समय लगेगा जबकि रविंद्र दाहिने कंधे की चोट के कारण अभी अपनी पूरी क्षमता से फील्डिंग नहीं कर पा रहे हैं। इन दोनों के बाहर होने से चौथे और पांचवें वनडे के लिए चुने गए टिम सीफर्ट अब पूरी श्रृंखला के लिए टीम में बने रहेंगे, जबकि हेनरी निकोल्स पहले तीन मैचों में खेलेंगे। डीन फॉक्सक्रॉफ्ट को श्रृंखला के चौथे और पांचवें मैच के लिए टीम में शामिल किया गया है। मैट हेनरी की फिटनेस का भी आकलन किया जाएगा जबकि चौथे और पांचवें वनडे के लिए चुने गए मैट फिशर अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प के रूप में पूरी श्रृंखला के लिए टीम के साथ बने रहेंगे।

धिनिधि को कांस्य, खुशबू फाइनल में

युवा ओलंपिक

डकार (सेनेगल) । भारतीय तैराक धिनिधि देशिंगु ने सोमवार को महिला 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपनी शानदार लय जारी रखी तो वहीं जूडो खिलाड़ी खुशबू राजकभाई ने युवा ओलंपिक खेलों के फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। खुशबू युवा ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी भारतीय जूडो खिलाड़ी बन गईं। महिला 63 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंचने के साथ ही उन्होंने कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया। धिनिधि ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 56.27 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। क्रोएशिया की एना बोबानोविच ने 55.89 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि न्यूजीलैंड की एलिसा लॉसन 56.13 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीतने में सफल रहीं।बेंगलुरु की 16 वर्षीय धिनिधि ने इससे पहले हीट में 56.80 सेकंड का समय लेकर अपनी स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया था। वह फाइनल के लिए तीसरी सबसे तेज तैराक के रूप में क्वालीफाई हुई थीं। हीट में बोबानोविच (56.22 सेकंड) और लॉसन (56.53 सेकंड) ही उनसे तेज रही थीं।खुशबू के सामने फाइनल में जर्मनी की कैडेट विश्व चैंपियन जोलिना रेनहोल्ड की



चुनौती होगी।गुजरात की 15 वर्षीय खुशबू अगर फाइनल में जीत हासिल करती हैं तो वह युवा ओलंपिक में जूडो का स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगी इससे पहले थांगजाम तबाबी देवी ने युवा ओलंपिक में भारत के लिए जूडो का एकमात्र पदक अपने नाम किया है। उन्होंने 2018 में अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में आयोजित युवा ओलंपिक में महिला 44 किग्रा वर्ग में रजत पदक हासिल किया था।भारत के लिए युवा ओलंपिक में व्यक्तिगत स्पर्धा में 2018 में निशानेबाज मनु भाकर (महिला 10 मीटर एयर पिस्टल), सौरभ चौधरी (पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल) और भारोत्तोलक जेरेमी लालरिनुंगा (पुरुष 62 किग्रा) स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

न्यूजीलैंड ए ने भारत पर बनायी बढ़त

क्राइस्टचर्च । भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा अनौपचारिक टेस्ट मैच हेगले ओवल के मैदान पर खेला जा रहा है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में भारत ने बिना कोई विकेट गंवाए 32 रन बना लिए हैं। साई सुदर्शन 11 और यशस्वी जायसवाल 20 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं। इससे पहले, पहली पारी में न्यूजीलैंड ए की पूरी टीम पहली इनिंग में 424 रन बनाकर ऑलआउट हुई। कीवी टीम ने पुछले बल्लेबाजों की शानदार बल्लेबाजी के चलते पहली पारी के आधार पर 78 रनों की अहम बढ़त हासिल की। न्यूजीलैंड ए की शुरुआत निराशाजनक रही। राइस मारियू सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि कर्टिस हीफी भी 4 रन ही बना सके और मुकेश कुमार का शिकार बने। टिम रॉबिन्सन भी केवल 3 रन बनाकर आउट हुए। शुरुआती झटकों के बाद मैथ्यू बॉयल और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने पारी को संभाला।

भारत ए टीम की कमान संभालेंगे तिलक

राइजिंग स्टार्स एशिया कप 29 नवंबर से

नई दिल्ली। भारतीय टी-20 टीम के उपकप्तान तिलक वर्मा को एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) मेंस राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए इंडिया ए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। पुरुष चयन समिति ने 15 सदस्यीय टीम में आईपीएल के दो बार के विजेता कप्तान रजत पाटीदार को उपकप्तान चुना है। यह टूर्नामेंट 19 से 29 नवंबर तक कतर के दोहा में खेला जाएगा। टीम में प्रभसिमरन सिंह और कुमार कुशाग्र विकेटकीपर के तौर पर शामिल हैं। इनके अलावा, टीम में अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, रिंकू सिंह, प्रिंस यादव, सूर्यांश शेडगे, शाहबाज अहमद और हर्ष दुबे भी मौजूद हैं। सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर हर्षित राणा भी इस टीम में शामिल हैं। हर्षित हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) गए थे, लेकिन वहां एक मैच सिमुलेशन के दौरान रेक्टस फेमोरिस (जांघ की मांसपेशी) में खिंचाव आ गया था, जिससे उबर रहे हैं। टीम के शेष सदस्यों में तनुष कोटियन, विपराज निगम और अरशद खान शामिल हैं। इसका मतलब यह भी है कि ये खिलाड़ी अपनी-अपनी राज्य टीमों की तरफ से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एक बड़े हिस्से में नहीं खेल पाएंगे। इंडिया ए को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नेपाल और पाकिस्तान ए के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। ग्रुप ए में बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए, अफगानिस्तान ए और हांगकांग, चीन शामिल हैं। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 20 नवंबर को वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल स्टेडियम में नेपाल के खिलाफ करेगी। वे 22 नवंबर को उसी मैदान पर पाकिस्तान ए का सामना करेंगे, और फिर 24 नवंबर को यूनिवर्सिटी ऑफ दोहा फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी में यूएई के खिलाफ अपना ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच खेलेंगे। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो क्रमश: 26 और 27 नवंबर को खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबला 29 नवंबर को आयोजित होगा। इंडिया ए की **टीम** अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (कप्तान), रजत पाटीदार (उपकप्तान), रिंकू सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), सूर्यांश शेडगे, शाहबाज अहमद, विपराज निगम, हर्ष दुबे, तनुष कोटियन, हर्षित राणा, प्रिंस यादव और अरशद खान।



भारत ने द. कोरिया को 8-0 से रौंदा

जालंधर। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। पांच बार की चैंपियन और मौजूदा खिताब विजेता भारत ने सोमवार को अपने आखिरी राउंड रॉबिन मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 8-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत दर्ज करते हुए अपना अजेय अभियान बरकरार रखा। भारत ने पांच मुकाबलों में पांच जीत के साथ अधिकतम 15 अंक हासिल कर अंकतालिका में पहला स्थान सुनिश्चित किया। वहीं जापान दूसरे, एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता मलेशिया तीसरे और दक्षिण कोरिया चौथे स्थान पर रहा। भारत ने इससे पहले बांग्लादेश को 13-0, चीन को 5-2, जापान को 4-1 और मलयेशिया को 4-2 से हराया था। अब टूर्नामेंट का अंतिम चरण मोहाली में खेला जाएगा। बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल में भारत का सामना एक बार फिर दक्षिण कोरिया से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मलयेशिया और जापान की टीमें आमने-सामने होंगी। दक्षिण कोरिया के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। भारत की ओर से दिलप्रीत सिंह ने आठवें और 40वें मिनट में गोल कर दोहरी सफलता हासिल की। उनके अलावा जुगराज सिंह (11वां मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (15वां




मिनट), शिलानंद लकड़ा (33वां मिनट), सुखजीत सिंह (34वां मिनट), संजय (36वां मिनट) और अंगद बीर सिंह (60वां मिनट) ने एक-एक गोल किया। दूसरे क्वार्टर में दक्षिण कोरिया ने वापसी की कोशिश की और लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति को भेदने में नाकाम रहा। तीसरे क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने हमले और तेज कर दिए।33वें मिनट में शिलानंद लकड़ा ने रिबाउंड पर गोल कर भारत की बढ़त 4-0 कर दी। इसके ठीक एक मिनट बाद सुखजीत सिंह ने हरमनप्रीत और संजय के शानदार तालमेल के बाद मैदानी गोल दाग दिया। 36वें मिनट में संजय ने एक और बेहतरीन मैदानी गोल कर स्कोर 6-0 पहुंचा दिया। इसके बाद 40वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने संजय के शॉट पर हल्का डिफ्लेक्शन देते हुए अपना दूसरा गोल किया और भारत को 7-0 की मजबूत बढ़त दिला दी।

अफगानिस्तान पहली बार छठे पायदान पर पहुंचा

दुबई । अफगानिस्तान ने पहली बार आईसीसी मेंस वनडे टीम रैंकिंग में छठा स्थान हासिल कर लिया है। इस उछाल के साथ अफगानिस्तान श्रीलंका से आगे निकल गया। साल 2009 में अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में कदम रखने के बाद से अफगान टीम की तेज प्रगति एक बड़ी उपलब्धि है, जिसने लिस्ट में बांग्लादेश, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज को भी पछाड़ दिया है। रैंकिंग में यह नया मुकाम वनडे फॉर्मेट में अफगानिस्तान के लगातार बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है, जिसने अपने 191 मुकाबलों में 96 जीते हैं। अफगानिस्तान का एक मजबूत टीम के रूप में उभार प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में स्पष्ट तौर पर नजर आता है। आईसीसी मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी टीमों के खिलाफ ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी, जिससे यह साबित हुआ कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कहीं अधिक अनुभवी टीमों को भी कड़ी चुनौती देने की क्षमता रखता है।

अल्कारेज ने 97 मिनट में जीता खिताब

वियना। वियना ओपन में स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को सीधे सेटों में हराया। इस जीत के साथ उन्होंने अपना चौथा टूर लेवल खिताब जीता और एक बेहतरीन एटीपी 500 सीजन पूरा किया। एटीपी रैंकिंग में तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज ने चैंपियनशिप मैच में डी मिनौर को 6-1, 6-4 से हराकर इनडोर हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम की। अल्कारेज ने 97 मिनट तक बेहतरीन खेल दिखाया और वर्ल्ड नंबर-10 खिलाड़ी डी मिनौर को पछाड़ दिया। इस पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने अपने पांचों मैचों में एक भी सेट नहीं गंवाया और इस सीजन की अपनी चौथी टूर-लेवल ट्रॉफी जीती। वियना में रविवार को हुए फाइनल के पहले सेट में अल्कारेज बेहतरीन फॉर्म में थे। स्पेनिश खिलाड़ी ने गेंद को बहुत सफाई से हिट किया। उनके ग्राउंडस्ट्रोक में ताकत और सटीकता का ऐसा मेल था कि डी मिनौर की मशहूर डिफेंसिव स्किल्स भी लगातार मुश्किल में पड़ती रहीं। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कड़ा संघर्ष किया और सात में से पांच गेम को ड्यूस तक पहुंचाया, लेकिन अहम मौकों पर अल्कारेज के शानदार खेल ने उन्हें तीन बार सर्विस ब्रेक करने और 6-1 की बढ़त दिलाने में मदद की। रॉटरडैम चैंपियन डी मिनौर, जो 2026 में 10 इनडोर मैचों में बिना कोई मैच हारे वियना के फाइनल तक पहुंचे थे, दूसरे सेट में भी दबाव महसूस करते रहे। 27 वर्षीय डी मिनौर ने दूसरे, चौथे और आठवें गेम में ब्रेक प्वाइंट्स बचाकर अपनी सर्विस बचाए रखी, लेकिन 10वें गेम में वे ऐसा नहीं कर सके। 30/40 के स्कोर पर अपने पहले चैंपियनशिप प्वाइंट्स पर, अल्काराज ने एक शानदार रैली जीती और अपनी जीत सुनिश्चित कर ली। अल्कारेज ने अपनी पहली सर्विस पर 81 प्रतिशत (29/36) अंक जीते।



भारतीय की अगुआई करेंगे प्रणय



यिओसु (दक्षिण कोरिया)। जर्मनी में हाइलो ओपन का खिताब जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन कोरिया ओपन से हट गए हैं जिसके बाद मंगलवार से यहां शुरू होने वाले इस पांच लाख डॉलर इनामी सुपर 500 टूर्नामेंट में अनुभवी एचएस प्रणय भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे लक्ष्य को पहले दौर में चीन के डोंग तियान याओ से भिड़ना था लेकिन उन्होंने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय अपने अभियान की शुरुआत दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ करेंगे। 33 वर्षीय प्रणय अंतरराष्ट्रीय सर्किट में भारत के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं और लक्ष्य की गैरमौजूदगी में पुरुष एकल में उन पर बड़ी जिम्मेदारी होगी।

महिला बास्केटबॉल टीम का चयन कल

लखनऊ। लखनऊ जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा आगामी 65वीं सीनियर राज्य बास्केटबॉल चैंपियनशिप (महिला) के लिए लखनऊ जनपद की महिला खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। यह चैंपियनशिप बागपत जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में 17 से 21 नवंबर बड़ौत, बागपत में आयोजित होगी। चयन ट्रायल 4 नवंब को सायं 4 बजे लामार्टिनियर गर्ल्स कॉलेज, लखनऊ में होगा। लखनऊ जनपद की इच्छुक एवं पात्र महिला खिलाड़ी निर्धारित समय पर मूल आधार कार्ड के साथ नियाज अहमद रजनीश से चयन स्थल पर संपक कर सकते है।

इंटर मियामी ने रेवोल्यूशन को हराया

फॉक्सबोरो । लियोनेल मेसी ने एक बेहतरीन असिस्ट और मैच के आखिर में किए गए गोल की मदद से इंटर मियामी को न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने अगले साल होने वाले कॉन्काकैफ चैंपियंस कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस जीत से मियामी एमएलएस कप प्लेऑफ से पहले ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में नंबर 2 सीड की स्थिति में पहुंच गई है। इस सीजन में मेसी के नाम अब 26 गोल और 16 असिस्ट हो गए हैं। इसके साथ ही वह लगातार तीसरी बार एमएलएस एमवीपी अवार्ड और लगातार दूसरी बार गोल्डन बूट जीतने की रेस में सबसे आगे हो गए हैं। पहले 45 मिनट तक दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला रहा और हाफ टाइम तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। इस दौरान इंटर मियामी को 28वें मिनट में एक अच्छा मौका मिला, जब मेक्सिकन खिलाड़ी बर्टेरामे ने




बॉक्स के बाईं ओर से बाएं पैर से शॉट मारा, जिसे न्यू इंग्लैंड के गोलकीपर मैट टर्नर ने बचा लिया। दूसरे हाफ में, 53वें मिनट में डेनियल गाजदाग के गोल की बदौलत मेजबान टीम (न्यू इंग्लैंड) ने खाता खोला। 69वें मिनट में इंटर मियामी ने शानदार टीम वर्क दिखाते हुए स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। सेगोविया ने बॉक्स के अंदर एक लॉब पास दिया, जिस पर मेसी ने हेडर से गेंद को बर्टेरामे की तरफ बढ़ाया। बर्टेरामे ने बॉक्स के बीच से एक जोरदार हेडर लगाकर गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। यह इस रेगुलर सीजन में बर्टेरामे का 10वां गोल था, जबकि मेसी का यह इस लीग सीजन का 16वां असिस्ट रहा। 83वें मिनट में इंटर मियामी ने मैच का पासा पूरी तरह से पलटा। एक बेहतरीन पासिंग सीक्वेंस के बाद मेसी ने निर्णायक गोल किया। सुआरेज ने बॉक्स के बाहर बीच में मेसी को गेंद दी, जहां अर्जेंटीना के इस स्टार खिलाड़ी ने तीन डिफेंडरों को छकाया। इसके बाद सेगोविया के साथ मिलकर वह बॉक्स के अंदर पहुंचे और एक सटीक शॉट के जरिए गेंद को गोल पोस्ट के निचले दाएं कोने में पहुंचा दिया।

शीर्ष पर पहुंचा आर्सेनल

लंदन । काई हैवर्ट्ज के एकमात्र गोल की मदद से आर्सेनल ने लिवरपूल को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। जर्मन फॉरवर्ड ने डेक्लान राइस के सटीक पास पर 16वें मिनट में गोल दागा। मैच के बाकी समय में लिवरपूल ने बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन 15 से ज्यादा शॉट लेने के बावजूद वह आर्सेनल के अनुशासित डिफेंस को नहीं तोड़ पाए।

गंभीर ने टी-20 टीम से कहा, आप लोगों ने बाकी दौरे के लिए माहौल तैयार कर दिया



हैमिल्टन। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर का मानना है कि श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टी-20 टीम ने न्यूजीलैंड के मौजूदा दौरे में वनडे और टेस्ट मैचों के लिए सही माहौल तैयार कर दिया है, क्योंकि अभ्यास का पर्याप्त मौका नहीं मिलने के बावजूद उन्होंने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीती भारत ने न्यूजीलैंड को पांच मैच की टी-20 श्रृंखला में 3-2 से हराया, जबकि उसकी टीम पहले मैच से कुछ दिन पहले ही यहां पहुंची थी। उसे श्रृंखला के बीच में आराम करने का भी बहुत कम मौका मिला। गंभीर ने ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों से कहा,इस श्रृंखला में आप लोगों ने जैसा प्रदर्शन किया उस पर आपको बहुत गर्व होना चाहिए। विशेषकर तब जबकि आपको तैयारी के लिए सिर्फ एक दिन का समय मिला। न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ उनके घरेलू मैदान पर खेलना और जीत हासिल करना ऐसा है जिस पर आप गर्व कर सकते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें गंभीर ने कहा, आप लोग आखिरी दो मैच भी जीतना चाहते थे, लेकिन कभी-कभी ऐसा हो जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि आप लोगों ने दौरे के आगामी मैचों के लिए माहौल तैयार कर दिया है।